फा. सं. एसईआरबी/सचिव. भर्ती./02/2021

# विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड

**(विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)**

## विज्ञापन सूचना सं. 02/2021

विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी), जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तहत एक सांविधिक निकाय है, में पे-मैट्रिक्स (₹2,25,000/-) में, स्तर-17 पर, सचिव (एसईआरबी) के पद को प्रतिनियुक्ति पर (अल्पकालिक अनुबंध सहित), अन्यथा सीधी भर्ती के आधार पर, भरने का प्रस्ताव है।

2. विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय है। यह एक प्रमुख निधीयन अभिकरण है, जिसका उद्देश्य विज्ञान और इंजीनियरी के मूलभूत क्षेत्रों में अनुसंधान को बढ़ावा देना और ऐसे अनुसंधान, में कार्यरत व्यक्तियों, शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और अन्य अभिकरणों को इस प्रकार का अनुसंधान करने तथा उनसे संबंधित मामलों अथवा प्रासंगिक व्ययों के लिए वित्तीय सहायता मुहैया कराना है।

3. सचिव, एसईआरबी के पद के लिए अभीष्ट उम्मीदवार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक वृहत अनुभव और उपलब्धियां प्राप्त सक्रिय लीडर होना चाहिए, जिसके पास देश में अनुसंधान निधीयन के क्षेत्र को समर्पित इस नई संस्था के लिए स्पष्ट दूरदर्शिता हो।

4. सक्षम प्राधिकारी द्वारा सचिव की नियुक्ति, एक उच्च स्तरीय खोज-सह-चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर की जाती है। यह खोज-सह-चयन समिति, इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदनों और प्रमुख शैक्षणिक व्यक्तियों, जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय विज्ञान और इंजीनियरी अकादमियों, के अध्येताओं, राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं के निदेशकों और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से प्राप्त नामांकनों पर विचार करेगी। अन्य विवरण निम्नानुसार है:

(i) पद का नाम : सचिव

(ii) वेतनमान : 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स (₹2,25,000/-) में स्तर 17

(iii) भर्ती का तरीका : प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) द्वारा अन्यथा सीधी भर्ती द्वारा।

(iv) आयु : 56 वर्षों से अनधिक। आयु सीमा निर्धारण करने की निर्णायक तिथि 01 जुलाई, 2021 होगी।

5. क.1 : **सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक एवं अन्य अर्हताएं :**

**अनिवार्य :**

अनुसंधान परिणाम संकेतकों द्वारा यथामापित उत्कृष्ट अनुसंधान के प्रमाणित ट्रैक अभिलेख के साथ विज्ञान या इंजीनियरी में डॉक्टरेट डिग्री।

**अनुभव :**

(i) मान्यताप्राप्त राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों अथवा सरकार की अनुसंधान संस्थाओं अथवा अनुसंधान और विकास प्रयोगशालाओं के संकाय अथवा वैज्ञानिक के रूप में अनुसंधान तथा विकास में 18 वर्ष का अनुभव, जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगकी में अनुसंधान और विकास कार्यक्रमों अथवा परियोजनाओं का प्रबंध करने का छह वर्ष का प्रशासनिक अनुभव भी है।

(ii) राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान पत्रिकाओं में प्रकाशित मूल अनुसंधान कार्य।

**वांछनीय :**

राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान और इंजीनियरी अकादमियों के अध्येतावृत्ति के रूप में उच्च वृत्तिक श्रेष्ठता तथा विज्ञान और इंजीनियरी के क्षेत्र में राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कारों का साक्ष्य।

5.क.2 **प्रतिनियुक्ति (जिसके अन्तर्गत अल्पकालिक संविदा भी शामिल हैं) :**
केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों अथवा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों अथवा विश्वविद्यालयों अथवा मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं अथवा अर्धसरकारी अथवा सांविधिक अथवा स्वायत्त संगठनों के संकाय सदस्य अथवा वैज्ञानिक–

(क) (i) जो मूल संगठन में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; अथवा

(ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स (₹2,05,400–2,24,400/–) में स्तर 16 के पद पर एक वर्ष की सेवा की हो; अथवा

(iii) जो वेतन मैट्रिक्स (₹1,82,200–2,24,100/–) में स्तर 15 के पद पर दो वर्षों से सेवा में हों; अथवा

(ख) जो ऊपर स्तम्भ 5.क.1 के अन्तर्गत सीधी भर्ती के लिए विहित अर्हता प्राप्त हों।

टिप्पणी 1 : प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य संवर्ग में पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, साधारणतया 5 वर्ष या अधिवर्षिता की आयु, जो भी पहले हो, से अधिक नहीं होगी।

टिप्पणी 2 : प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। आयु सीमा निर्धारण के लिए निर्धारक तारीख 01 जुलाई, 2021 होगी।

6. निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम है और केवल इन अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए जाने का हक प्राप्त नहीं हो जाएगा।

**7. आवेदन कैसे करें :** आवेदन निर्धारित **प्ररूप I** और **प्ररूप II में**, सादा कागज पर (A4 आकार 210x297 एमएम)पर स्वच्छ टंकित होना चाहिए। अपूर्ण आवेदनों अथवा किसी अन्य प्रपत्र में प्राप्त आवेदनों पर विचार **नहीं किया जाएगा।**

क. केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार/अन्य सरकारी संगठनों में कार्यरत व्यक्ति अपने आवेदन उचित माध्यम से भेजे। केवल ऐसे आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा जो आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तिथि तक अपने मूल विभाग/संगठन के सक्षम प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ उचित माध्यम से प्राप्त होते हैं। **आवेदन की अग्रिम प्रति पर किसी भी हालत में विचार नहीं किया जाएगा।**

ख. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को बिल्कुल अस्वीकार कर दिया जाएगा।

ग. आवेदनों के साथ विगत 5 वर्षों की अद्यतन एसीआर/एपीएआर/डोजियर की विधिवत अधिप्रमाणित प्रतियां भी साथ भेजें।

घ. शैक्षणिक अर्हताओं, जन्मतिथि, अनुभव आदि के समर्थन में प्रमाणपत्रों की स्वत: प्रमाणित प्रतियां भी आवेदन के साथ संलग्न करें।

8. पूर्णरूपेण भरे गए टंकित आवेदन **"सुश्री मधु वधावन सिन्हा, निदेशक, विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी), चतुर्थ–तल, ए आई ब्लॉक, टेक्नोलॉजी भवन कॉम्प्लैक्स, नई दिल्ली–110016"** को स्पीड पोस्ट द्वारा **रोजगार समाचार (अंग्रेजी संस्करण) में विज्ञापन प्रकाशित** होने की तारीख से 60 दिनों के अन्दर पहुँच जाएं और असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू और कश्मीर राज्य का लद्दाख मंडल, जिला लाहुल और स्पीति एवं हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के पांगी उपमंडल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के उम्मीदवारों से आवेदन **स्पीड पोस्ट द्वारा** 75 दिनों के अन्दर पहुँच जाएं।) आवेदन वाले लिफाफे के ऊपर "सचिव, एसईआरबी, नई दिल्ली के पद के लिए आवदेन" लिखा होना चाहिए।

म.व. सिन्हा

(मधु वधावन सिन्हा)
निदेशक (एसईआरबी)

कृपया यह नोट करें –

(1) मुख्य विनियम भारत सरकार, असाधारण, भाग III, खंड 4 में दिनांक 24, अप्रैल, 2014 की अधिसूचना संख्या 001/2014/एफ.सं.एसआर/एस9/ज़ेड–08/2011 द्वारा प्रकाशित किए गए थे।

(2) ये विनियम विज्ञान और इंजीनियरी अनुसंधान बोर्ड (सचिव, सेवा एवं भर्ती की शर्तें और निबंधन) (संशोधन) विनियम, 2018 कहे जाते हैं, ये भारत का राजपत्र, असाधारण भाग III, खंड 4 में दिनांक 9 मार्च 2018 की अधि सूचना संख्या एसईआरबी/आरआर–सचिव/01/2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे।

***

प्ररूप I

(आवेदन)

नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो चिपकाएं

1. पूरा नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में) : ..........................................................................

2. वर्तमान पता : ..........................................................................
..........................................................................

3. डाक का पता : ..........................................................................
..........................................................................

4. ई–मेल : ..........................................................................

5. दूरभाष संख्या (मोबाइल एवं लैंडलाइन) ..........................................................................

6. जन्मतिथि (मैट्रिक–पास प्रमाणपत्र के अनुसार) ..........................................................................

7. स्थाई पता : ..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................

8. शैक्षिक अर्हताएं (क्रमानुसार) :
..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................

9. वर्तमान पद .................................... पे मैट्रिक्स ₹............................................में लेवल – पे बैंड और ग्रेड पे: .........................

10. अनुभव : ..........................................................................

11. प्रकाशनों/पेटेंटों की सूची
..........................................................................

12. आवेदन की तिथि तक प्राप्त प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अकादमियों से प्राप्त पुरस्कारों/सम्मानों/अध्येतावृत्तियों के विवरण:
..........................................................................
..........................................................................
..........................................................................

13. कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं के विवरण (पूरी कर ली गई/कार्यान्वित की जा रही) :

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

14. अन्य कोई सूचना :

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

15. घोषणा :

मैं. एतद्द्वारा यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सूचना मेरी पूर्ण जानकारी और विश्वास के साथ सही है। मैंने उक्त विवरणों में कोई महत्वपूर्ण तथ्य अथवा तथ्यात्मक जानकारी नहीं छुपाई है। यदि मैंने कोई गलत सूचना दी हो, अथवा कोई महत्वपूर्ण तथ्य अथवा तथ्यात्मक जानकारी छुपाई हो, तो मेरी उम्मीदवारी/सेवाएं, बिना कोई सूचना दिए अथवा कारण बताए, समाप्त की जा सकती हैं। मैं किसी ऐसी परिस्थिति से अनभिज्ञ हूँ जो सरकार के अधीन नियोजन के लिए मेरी उपयुक्तता को क्षति पहुँचाती हो।

दिनांक : ..........................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

नियोक्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित, मुहर के साथ

## प्ररूप–II
## (संक्षिप्त जीवन–वृत्त के लिए)

(ए–4 आकार के कागज़ पर, 12 आकार के टाइम्स न्यू रोमन फोंट में सिंगल स्पेस में टंकित किया जाए)

1. नाम और पता

2. जन्मतिथि (मैट्रिक–पास प्रमाण पत्र के अनुसार)
   01.07.2021 को आयु वर्षों और महीनों में

3. शैक्षिक अर्हताएं (डिग्री, संस्था का नाम और डिग्री प्रदान करने के वर्ष का उल्लेख करें)

4. पे–मैट्रिक्स ₹...........................................में लेवल ....................... में वर्तमान पद, पे बैंड और ग्रेड पे/पद

5. अनुभव (पद, संस्था का नाम और तिथियां, जिस दौरान उन प्रत्येक पदों पर रहे हों, का अलग से उल्लेख करें और (क) पीएच.डी की अवधि सहित स्नातकोत्तर के पश्चात् आरएंडडी में अनुभव के कुल वर्षों की संख्या और (ख) अन्य अनुभव के कुल वर्षों के बारे में अलग से बताएं।

6. प्रकाशनों/पेटेंटों की कुल संख्या

7. आवेदन की तिथि तक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय अकादमियों से प्राप्त पुरस्कारों/सम्मानों/अध्येतावृत्तियों, व्यावसायिक सोसाइटियों की सदस्यताओं/प्रशस्तियों के विवरण, h-index आदि।

8. अन्य अतिरिक्त संगत सूचना, यदि कोई हो।

दिनांक : ..........................　　　　　　　　　　　　**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**